

**Dr. Manoj Jain**
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

**9 November 2022**

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF) | BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS) | शिक्षक (I" ग्रेड) | REET (I, II Level)



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 9 नवंबर का इतिहास

- **1236 :** मुगल शासक रुकनुद्दीन फिरोज शाह की हत्या कर दी।
- **1822 :** दिल्ली जल आपूर्ति योजना की औपचारिक रूप से शुरूआत हुई।
- **1889 :** स्वतंत्रता सेनानी जमनालाल बजाज का जन्म हुआ।
- **1947 :** भारत सरकार ने सैन्य कार्यवाई द्वारा जूनागढ़ मुक्त कराया
- **1962 :** अमेरिका ने नेवाडा में परमाणु परीक्षण किया।
- **2001 :** भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया।

## 9 नवंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केरल साइकिलिंग के सबसे बड़े टूर्नामेंट में से एक ट्रैक एशिया कप 2022 की मेजबानी करेगा। 25 से 28 नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए एलएनसीपीई आउटडोर वेलोड्रोम पूरी तरह तैयार है। प्रतियोगिता में एशिया के 25 से अधिक देशों के लगभग 200 प्रतिस्पर्धी हिस्सा लेंगे। पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली से बाहर किया जा रहा है। यह 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए एशियाई देशों का चयन टूर्नामेंट भी है। चीन, जापान, कोरिया, कजाखस्तान जैसे देशों के खिलाड़ी टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण होंगे।
- नई पीढ़ी के सुपर-अब्रेसिव उपकरण अब आईआईटी मद्रास की स्वदेशी तकनीक से तैयार किए जा सकते हैं। आईआईटी मद्रास ने उन्नत ग्राइंडिंग अनुप्रयोगो के लिए नई पीढ़ी के मल्टी-पॉइंट, सिंगल लेयर, सुपर अब्रेसिव उपकरण बनाने के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित की है। यह उच्च उत्पादकता और ऊर्जा कुशल सामग्री हटाने की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। सुपरब्रेसिव टूल्स को सक्रिय ब्रेजिंग तकनीक का उपयोग करके संयोजन स्तर से ऊपर उच्च क्रिस्टल एक्सपोजर की उल्लेखनीय सटीक विशेषताओं के साथ उत्पादित किया जा सकता है।
- भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और उनकी हमवतन पीवी नंधिधा ने यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज टूर्नामेंट में क्रमशः ओपन और महिला वर्ग के खिताब जीते। प्रज्ञानानंदा नौवें और अंतिम दौर में हमवतन बी अधिबान से 63 चाल में ड्रॉ खेलकर सात अंक के साथ शीर्ष रहे। चेन्नई के 17 साल के प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दौर से पहले अन्य खिलाड़ियों पर आधे अंक की बढ़त बना रखी थी।
- भारत का उपग्रह रडार इमेजिंग सैटेलाइट-2 अनियंत्रित तरीके से पृथ्वी से वायुमंडल में फिर से प्रवेश कर गया और जकार्ता के पास हिंद महासागर से टकराया। रडार इमेजिंग सैटेलाइट-2 ने 13 साल से भी अधिक समय के बाद पुनः पृथ्वी में प्रवेश किया है। इसरो के अनुसार पुन प्रवेश पर उपग्रह में कोई ईंधन नही बचा था और इसलिए कोई संदूषण या ईंधन द्वारा विस्फोट होने की उम्मीद नही है।
- केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि भवन में पहली राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन समिति की बैठक की अध्यक्षता की। श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने एनएमएनएफ पोर्टल का शुभारंभ किया। सभी के सहयोग से भारत में प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाया जाएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे राज्य सरकार और केंद्रीय विभागों के साथ समन्वय करे और बाजार से जुड़ाव को सक्षम करें ताकि किसान आसानी से अपने उत्पाद बेच सके।
- एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड ने विशाल कपूर को अपना मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त करने की घोषण की है। इससे पहले कपूर ने बिजली मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया। कपूर ने कहा कि मैं भारत को स्वच्छ ऊर्जा में एक भारत को वैश्विक रूप से अग्रणी स्थिति में पहुंचाने के बिजली मंत्रालय के प्रयासों का समर्थन करना चाहता हूं।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत जैसी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को कोयला उत्पादन और उसके गैसीकरण की परियोजनाओं में अधिक निवेश की आवश्यकता है और वह भी तब जब विश्व स्तर पर विशेष रूप से गैस के ईंधन की कीमतें बढ़ रही है। कोयला मंत्रालय की कोयला खदान नीलामी के छठे दौर का नई में शुभारंभ करते हुए वित्त मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत वर्तमान में दुनिया में सबसे अच्छा निवेश गंतव्य है। मंत्री महोदया ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतिगत स्थिरता और पारदर्शी प्रक्रिया के कारण बिजली क्षेत्र के लिए कोयले के आयात में 41% की कमी आई है।
- यूडीआईएसई की रिपोर्ट से पता चलता है कि 2021-22 में स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर जीईआर में सुधार हुआ है। भारत की स्कूली शिक्षा पर शिक्षा मंत्रालय द्वारा शिक्षा पर एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली प्लस 2021-22 पर एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की गई है। सकल नामांकन अनुपात शिक्षा में भागीदारी के सामान्य स्तर को मापता है।
- ग्रामीण इलाकों में रोजगार घटने की वजह से अक्टूबर में देश में बेरोजगार दर बढ़कर 7.77 फीसदी पहुंच गई। इसके अलावा श्रम भागीदारी दर में मामूली गिरावट से भी बेरोजगारी दर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 2 नवंबर (B) 6 नवंबर
(C) 9 नवंबर (D) 11 नवंबर

**(C)** प्रत्येक वर्ष 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में कानूनी जागरूकता फैलाना, समाज के गरीब एवं कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता एवं सलाह प्रदान करना है, ताकि सभी के लिये न्याय सुरक्षित किया जा सके।




**2. ट्रैक एशिया कप 2022 की मेजबानी कौन करेगा ?**

(A) केरल (B) असम
(C) ओडिशा (D) सिक्किम

**(A)** केरल साइकिलिंग के सबसे बड़े टूर्नामेंट में से एक ट्रैक एशिया कप 2022 की मेजबानी करेगा। 25 से 28 नवंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए एलएनसीपीई आउटडोर वेलोड्रोम पूरी तरह तैयार है। इस प्रतियोगिता में एशिया के 25 से अधिक देशों के लगभग 200 प्रतिस्पर्धी हिस्सा लेंगे। पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली से बाहर किया जा रहा है।



**3. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष की स्थापना किस प्रधानमंत्री के द्वारा की गई थी ?**

(A) मोरारजी देसाई (B) लाल बहादुर शास्त्री
(C) इंदिरा गाँधी (D) जवाहरलाल नेहरू

**(D)** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष की स्थापना जवाहरलाल नेहरू के द्वारा की गई थी। यह सार्वजनिक योगदान द्वारा स्थापित किया गया था जिसका उद्देश्य पाकिस्तान से विस्थापित लोगों की सहायता करना था। इस फंड में पूरी तरह से सार्वजनिक योगदान होता है जिसे कोई बजटीय सहायता नहीं मिलती है।



**4. हाल ही में आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में हैट्रिक लेने वाले पहले खिलाड़ी कौन बन गए है ?**

(A) रोहित शर्मा (B) विराट कोहली
(C) ऋषभ पंत (D) हार्दिक पांड्या

**(B)** विराट कोहली आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में हैट्रिक लेने वाले पहले खिलाड़ी बन गए है। उन्होंने 2014, 2016 और 2022 में 3 या अधिक अर्द्धशतक बनाए हैं। उन्होंने मौजूदा टी-20 विश्व कप 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ 82, नीदरलैंड के खिलाफ 62 और बांग्लादेश के खिलाफ 64 रन बनाए है।



**5. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी 2.0 योजना की शुरूआत की ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) उत्तरप्रदेश
(C) कर्नाटक (D) ओडिशा

**(A)** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी 2.0 योजना की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने 1477 लाड़ली लक्ष्मी योजना लाभार्थी लड़कियों के बैंक खातों में 1.85 करोड़ रूपये भी स्थानांतरित किए ताकि उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में लाड़ली लक्ष्मी वाटिका विकसित किया जा रहा है।



**6. हाल ही में अडानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा किस राज्य में देश की सबसे बड़ी पवन टर्बाइन स्थापित की गई है ?**

(A) केरल (B) कर्नाटक
(C) राजस्थान (D) गुजरात

**(D)** हाल ही में अडानी न्यू इंस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा गुजरात राज्य में देश की सबसे बड़ी पवन टर्बाईन स्थापित की गई है। 200 मीटर लंबे पवन टर्बाइन की बिजली उत्पादन क्षमता 5.2 मेगावॉट है और यह लगभग 4000 घरों को बिजली मुहैया करा सकता है। यह 182 मीटर की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यु ऑफ युनिटी से भी ऊंचा है।



**7. इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक किस मंत्रालय के अधीन आता है ?**

(A) वित्त मंत्रालय (B) वाणिज्य मंत्रालय
(C) गृह मंत्रालय (D) संचार मंत्रालय

**(D)** हाल ही में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने श्रीनगर में वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने के लिए भारत का पहला पानी पर तैरता वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक को संचार मंत्रालय के अधीन डाक विभाग के तहत स्थापित किया गया है। इस पर भारत सरकार का शत-प्रतिशत मालिकाना हक है।




**8. इनवेस्ट कर्नाटक 2022 ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट का उद्घाटन किसने किया ?**

(A) नरेंद्र मोदी (B) धर्मेंद्र प्रधान
(C) अमित शाह (D) राजनाथ सिंह

**(A)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इनवेस्ट कर्नाटक 2022 ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट इनवेस्ट कर्नाटक 2022 के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। इस बैठक का उद्देश्य था कि संभावित निवेशकों को अपने तरफ आकर्षित करना और अगले 10 सालों के लिए विकास एजेंडा स्थापित करना है।




**9. भारतीय निर्वाचन आयोग के आयुक्तों का कार्यकाल कितना होता है ?**

(A) 5 वर्ष या 55 वर्ष की आयु तक
(B) 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक
(C) 6 वर्ष या 55 वर्ष की आयु तक
(D) 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक

**(D)** हाल ही में भारतीय निर्वाचन आयोग ने गुजरात राज्य के चुनावों के लिए तारीखों की घोषणा की है। भारत निर्वाचन आयोग एक स्थायी संवैधानिक निकाय है। इसकी स्थापना भारतीय संविधान के अनुसार 25 जनवरी 1950 को हुई थी। मूल रूप से आयोग में केवल एक मुख्य चुनाव आयुक्त था जबकि वर्तमान में इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्त शामिल है।




**10. हाल ही में कौन स्वतंत्र भारत के पहले मतदाता ने अपने घर से पहली बार बैलेट पेपर से मतदान किया है ?**

(A) शैलेन्द्र सिंह सोलंकी (B) श्याम सरण नेगी
(C) रघुनाथी देवी (D) अनुपम राजन

**(B)** स्वतंत्र भारत के पहले मतदाता श्याम सरण नेगी ने कल्पा में अपने घर से पहली बार बैलेट पेपर से 14वीं विधानसभा के लिए मतदान किया। वोट डालने के बाद श्याम सरण ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व होता है। हम सभी को मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

